उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI, NAINITAL

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/425/2018/ **दिनांक 23/01/2018**

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय निदेशक,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

विषय- विश्वविद्यालय परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं की नीलामी व अन्य निष्प्रयोजन प्रपत्रों के विनष्टीकरण के संबंध में।

महोदय/महोदया,

एतद् द्वारा सूचित करने के आदेश हुए हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय परीक्षा वर्ष 2016 (वार्षिक/सेमेस्टर) की प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं, सत्रीय कार्य, क्षेत्रीय कार्य, लघु शोध, परियोजना कार्य, उपस्थिति प्रपत्र व अन्य निष्प्रयोजन प्रपत्रों को विनष्ट करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर रहा है। अत: कृपया अध्ययन केन्द्र के अभिलेखों के आधार पर यदि आपसे सम्बद्ध किसी विद्यार्थी के औचित्य पूर्ण तथ्य के आधार किसी उत्तरपुस्तिका को सुरक्षित रखा जाना हो तो विज्ञप्ति के 30 दिनों के अन्दर औचित्य स्पष्ट करते हुए तत्संबंधी साक्ष्य के साथ उसका पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय कार्यालय को अविलम्ब सूचित करने का कष्ट करें, जिससे तदनुसार कार्यवाही को गति दी जा सकें, अन्यथा निर्धारित तिथि के बाद प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं व परीक्षा संबंधी निष्प्रयोजन प्रपत्रों को विनष्ट करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

कृपया इस पर विशेष ध्यान देकर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करते हुए इस विज्ञप्ति पत्र की एक प्रति सभी संबंधितों को भिजवाना सुनिश्चित करवायें, तथा विज्ञप्ति को अपने क्षेत्रीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1- समन्वयक, समस्त अध्ययन केन्द्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2- आर0एस0डी0 अनुभाग को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त सूचना को सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व अध्ययन केन्द्रों को मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
3- कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
4- कुलसचिव कार्यालय।
5- लोक सूचना अनुभाग।
6- संबंधित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 , Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in